# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

वेलेस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0 लि0 ग्रीन फील्ड कोयला पर आधारित 1320 मेगा वाट (660मेगावाट×2) क्षमता की तापीय विद्युत परियोजना ग्राम– ददरीखुर्द, तप्पा– चौरासी, परगना– कंतित, तहसील– सदर, जिला– मीरजापुर में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 2.5419 हेक्टेयर एवं परियोजना में जलापूर्ति हेतु भूमिगत वाटर पाइप लाइन बिछाने बाबत 5.8162 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल 8.3581 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता है। सम्पर्क मार्ग निर्माण एवं जलापूर्ति हेतु भूमिगत वाटर पाइप लाइन हेतु प्रस्तावित अपेक्षित वन भूमि का विवरण निम्न प्रकार है– बरकछाखुर्द 0.0026 हे0, बरकछाकलां 0.4829 हे0, गोडटुटवा 0.4324 हे0, दांती 3.1043 हे0, बेला 1.0176 हे0, ददरी गहिरा 1.6883, ददरीखुर्द 1.6300 हे0 है।

परियोजना के सम्पर्क मार्ग निर्माण एवं परियोजना में जलापूर्ति हेतु भूमिगत वाटर पाइप लाइन बिछाने बाबत अपेक्षित आरक्षित वन भूमि पर विभिन्न प्रजाति एवं व्यास श्रेणी के कुल 296 वृक्ष प्रभावित होंगे परियोजना से प्रभावित भूमि एवं उक्त पर मौजूद वृक्षों का संयुक्त निरीक्षण दिनांक 21/1/16 को किया गया।

सम्यक विचारोपरान्त पाया गया कि प्रस्तावित परियोजना के सम्पर्क मार्ग निर्माण एवं परियोजना में जलापूर्ति हेतु उक्त के अलावा अन्य कोई विकल्प नही है तथा मांगी गयी भूमि परियोजना की आवश्यकता को देखते हुए न्यूनतम है। स्थल का निरीक्षण प्रस्तावक विभाग के सक्षम अधिकारी के साथ किया गया।

प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर

मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर